# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

**अवमानना प्रार्थना पत्र संख्या–91/2025**
**अन्तर्गत**
**अपील संख्या–2858/2024**

टिकम सिंह

**–प्रार्थी–अपीलार्थी**

**बनाम**

1. श्री राजेश कुमार, कार्यकारी अधिकारी, नगर पालिका महुआ, जिला दौसा, राजस्थान।
2. श्री इन्द्रजीत सिंह, निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।

**–अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण**

आदेश की दिनांक : 13.08.2025

**उपस्थित :–**

प्रार्थी–अपीलार्थी की ओर से : श्री महेन्द्र कुमार जोशी, अधिवक्ता
अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण की ओर से : श्री संजीव सिंघल, राजकीय अधिवक्ता

**समक्ष** :– **चेतन राम देवड़ा, सदस्य**
**लेखराज तोसावड़ा, सदस्य**

## आदेश

1. प्रार्थी–अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता ने यह अभिकथन किया है कि अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण ने अधिकरण के अपील संख्या 2858/2024 में दिनांक 07.02.2025 को पारित आदेश की पालना आदिनांक तक नहीं की गई है। अधिकरण के पूर्वोक्त आदेश दिनांक 07.02.2025 का प्रभावी भाग (Operating Part) निम्न प्रकार है :–

> ''अतः प्रत्यर्थी विभाग को निर्देश दिया जाता है कि निलम्बन अवधि में देय निर्वाह भत्ता का भुगतान अपीलार्थी को नियमानुसार एक माह की अवधि में किया जाना सुनिश्चित करें। इस आदेश के साथ प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया जाता है।''

2. उनका आगे अभिकथन है कि प्रत्यर्थी विभाग द्वारा माननीय अधिकरण के आदेश दिनांक 07.02.2025 की बिना उचित कारण के जानबूझ कर अवहेलना की जा रही है, जो कि माननीय अधिकरण के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना है। अपीलार्थी ने प्रत्यर्थी विभाग को अधिकरण के आदेश की पालना किए जाने के संबंध में प्रतिवेदन दिनांक 21.02.2025 एवं 24.02.2025 प्रस्तुत किये। उक्त प्रतिवेदन पर प्रत्यर्थी विभाग द्वारा कोई विचार नहीं किया गया है। अतः बिना उचित कारण के जानबूझ कर अधिकरण के आदेशों की अवहेलना की जा रही है। प्रत्यर्थीगण जानबूझ कर अधिकरण के आदेश की पालना नहीं कर रहा है। इसलिए प्रत्यर्थी विभाग माननीय अधिकरण के

आदेशों की अवहेलना के दोषी है। अतः अवमानना प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर प्रार्थना है कि प्रत्यर्थी विभाग से माननीय अधिकरण के आदेश दिनांक 07.02.2025 की पालना करवायी जावे और पालना नहीं करने की स्थिति में प्रत्यर्थी विभाग के विरूद्ध अवमानना कार्यवाही प्रारम्भ कर माननीय उच्च न्यायालय को दण्ड हेतु रैफर किया जावे।

3. अप्रार्थीगण–प्रत्यर्थीगण की ओर से अवमानना याचिका का जवाब प्रस्तुत कर कथन किया कि अपीलार्थी को दिनांक 03.05.2024 के आदेश द्वारा निलंबित कर दिया गया था। अपीलार्थी ने निलंबन आदेश दिनांक 03.05.2024 को अपील संख्या 2858 / 2024 के माध्यम से चुनौती दी है। दिनांक 03.05.2024 के निलंबन आदेश के बाद, प्रत्यर्थी विभाग ने दिनांक 18.10.2024 के आदेश द्वारा अपीलार्थी की सेवाएँ समाप्त कर दीं। उक्त तथ्य अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है और उक्त तथ्य को छिपाकर अधिकरण ने दिनांक 07.02.2025 का आक्षेपित आदेश पारित किया है। अपीलार्थी की सेवा पुस्तिका की प्रति अनुलग्नक–आर–1 के रूप में प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी को जाली अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के कारण दिनांक 03.05.2024 के आदेश द्वारा निलंबित कर दिया गया था। पूर्ण जाँच के पश्चात, अपीलार्थी को जाली अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का दोषी पाया गया, अतः, नियमों और विनियमों के अनुसार, प्रतिवादी विभाग ने अपीलार्थी की सेवाएँ समाप्त कर दीं। अपीलार्थी ने दिनांक 10.02.2025 (अनुलग्नक–आर / 2) के पत्र द्वारा प्रत्यर्थी विभाग से अपनी सेवाएँ पुनः बहाल करने का अनुरोध किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी को दिनांक 07.02.2025 को अपनी सेवाएँ समाप्त होने की पूरी जानकारी है, फिर भी अपीलार्थी ने दिनांक 18.10. 2024 के सेवा समाप्ति आदेश के तथ्य को छिपाया है। वर्ष 2018 में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन की शर्त संख्या 9 के अनुसार, यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए किसी भी जाली दस्तावेज़ की स्थिति में, अभ्यर्थी की सेवाएँ तत्काल समाप्त कर दी जाएँगी (अनुलग्नक–आर / 3। प्रत्यर्थी विभाग ने दिनांक 21. 05.2024 (अनुलग्नक–आर / 4) के पत्र द्वारा अपीलार्थी से अनुभव प्रमाण पत्र से संबंधित प्रासंगिक दस्तावेज़ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, लेकिन अपीलार्थी ऐसा करने में विफल रहा है। प्रत्यर्थी विभाग ने अधिकरण द्वारा पारित आदेशों की जानबूझकर अवमानना नहीं की है और न ही अवमानना करने का कोई इरादा है, प्रत्यर्थी विभाग माननीय अधिकरण द्वारा दिनांक

